प्रकाशनार्थः

स्वास्थ्य एवं ह्रदय जांच शिविर का आयोजन

नई दिल्ली, 3 सितम्बर 2012

सुखी परिवार फाउंडेशन-दिल्ली द्वारा शिव दुर्गा मंदिर धर्मशाला, ज्वाला नगर में स्वास्थ्य एवं ह्रदय जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मैट्रो हॉस्पिटल एवं कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुभवी डॉक्टरों एवं पारा मेडिकल स्टॉफ के द्वारा स्वास्थ्य, ह्रदय, रक्त एवं ईसीजी की निःशुल्क जांच की गई। करीब दो सौ जरूरतमंद लोगों ने विभिन्न परीक्षणों एवं अनुभवी डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अमित जैन ने बताया कि फाउंडेशन महान संत गणि राजेन्द्र विजयजी के आध्यात्मिक नेतृत्व में अपनी जनकल्याणकारी एवं सेवामूलक गतिविधियों के अन्तर्गत यह स्वास्थ्य एवं ह्रदय जांच शिविर का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि वह समाज जागृत समाज है जिसमें प्रत्येक सदस्य के पास अपने मूलभूत अधिकार हों, सामान्य आवश्यताओं की पूर्ति की साधन हो और सुख-दुख में एक-दूसरे के प्रति संभागिता हो। उन्होंने समाज की विषम स्थिति में परिवर्तन लाने हेतु ऐसे समाज व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जिसमें पैसों का नहीं, अपितु त्याग का महत्व रहे।

गणि राजेन्द्र विजयजी ने अपने विशेष संदेश में कहा कि वह समाज स्वस्थ और संतुलित है जिसमें संवेदना, परोपकार और जनसेवा के लिए साधन-संपन्न लोग तत्पर रहते हैं। सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, सहयोग और सामंजस्य की भावना विकसित करना स्वस्थ सामाजिकता का लक्षण है। सुखी परिवार फाउंडेशन स्वस्थ और आदर्श समाज की स्थापना के लिए कृत संकल्प है। पत्रकार और समाजसेवी श्री ललित गर्ग ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के अभावग्रस्त एवं जरूरतमंद लोगों के सहयोग के लिए साधन संपन्न लोगों का आगे आना शुभता का संकेत है। उन्होंने सुखी परिवार फाउंडेशन की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी। महामंत्री श्री मुकेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री तरसचंद जैन, श्री पवन अग्रवाल, श्री रजत जैन, श्री राजकुमार भाटी, श्रीमती बेला गर्ग, श्रीमती ममता अग्रवाल, श्री रामकुमार अग्रवाल, श्री गोपाल शर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति एवं सहयोग से अभिप्रेरित किया।

प्रेषकः

(बरुण कुमार सिंह)
सुखी परिवार फाउंडेशन
ए-56/ए, प्रथम तल, लाजपत नगर-2
नई दिल्ली-110024
फोनः 41720778, 9968126797